**खबर संक्षेप**

## जनपद पंचायत परिसर नारायणगंज में 4 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**मण्डला।** जनपद पंचायत परिसर नारायणगंज में 4 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ 12 जून से किया गया। यह शिविर 18 जून तक प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी सीईओ के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर में आयुष विभाग से डॉ. तेज सिंह, डॉ. प्रत्युष हर्मिट एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही पतंजलि योग समिति के जीवन यादव, कस्तूरा यादव सहित अन्य गणमान्यजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। योग सत्र की शुरुआत बच्चों को सूक्ष्म व्यायाम कराकर की गई, जिससे उनका शरीर विभिन्न योगासनों के लिए तैयार हो सके। इसके बाद खड़े होकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया, जिसमें ताड़ासन, वृक्षासन एवं त्रिकोणासन प्रमुख रहे। तत्पश्चात बैठकर किए जाने वाले आसनों में भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन एवं वक्रासन का अभ्यास कराया गया। इन आसनों के माध्यम से रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने तथा पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने के लाभों की जानकारी दी गई। आगे चलकर बच्चों को लेटकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया। पीठ एवं पेट के बल लेटकर शलभासन, उत्तानपादासन, सेतुबंधासन तथा पवनमुक्तासन का अभ्यास कराया गया। सत्र के अंतिम चरण में प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, जिससे प्रतिभागियों को मानसिक शांति एवं श्वास-प्रश्वास की सही तकनीक का अनुभव प्राप्त हुआ। योग प्रशिक्षकों ने बच्चों को प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलाते हुए छात्र जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में लगभग 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**संगठन की मजबूती और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भाजपा की बैठक**

# 12 स्वर्णिम वर्षों पर आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा

*** तैयारियों को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




भारतीय जनता पार्टी जिला मंडला की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय मंडला में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, हाल ही में संपन्न हुए विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर हुई तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का परिचय और स्वागत संपन्न हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए जिले के संगठन प्रभारी रमेश भटेरे ने पिछले दिनों आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ नेतृत्व से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी को समन्वय एवं सक्रियता के साथ कार्य करना होगा।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले भर में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। जिले से लेकर पन्ना प्रमुख तक की चर्चा की..बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।



भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने अपने संबोधन में संगठन की आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की सक्रियता के बल पर पार्टी निरंतर जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सभी जनपद , नगर पालिका, नगर परिषद क्षेत्र मे 12 जून से 18 जून तक लगाए जा रहे जन कल्याण शिविर मे अंतिम छोर तक के व्यक्ति लाभान्वित हो, कोई भी व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे. इसके लिए आप सभी चिंता करे। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा म. प्र. प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार जी के मंडला प्रथम आगमन की तैयारी पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष भाजपा शैलेश मिश्रा एवं आभार जिला महामंत्री भाजपा संतोष रजक जी ने किया ।

बैठक में जिला पदाधिकारी, जिले के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, नप अध्यक्ष, जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ, कार्यकर्ता की जिला एवं मंडल टोली सहित अपेक्षित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक का समापन आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ। बैठक उपरांत जिला भाजपा कार्यालय में वृक्षारोपण किया गया।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत मंडला जिले से कामाख्या व मथुरा-वृंदावन की यात्रा जुलाई में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत मंडला जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए जुलाई माह में दो विशेष तीर्थ यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कार्यालय मंडला द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे नागरिक, जो आयकरदाता नहीं हैं, योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं के लिए आयु सीमा में दो वर्ष की छूट का प्रावधान है।**

जारी कार्यक्रम के अनुसार पहली यात्रा ''कामाख्या धाम'' के लिए 11 जुलाई से 16 जुलाई तक तथा दूसरी यात्रा ''मथुरा-वृंदावन'' के लिए 25 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रस्तावित है। दोनों यात्राओं के लिए मंडला जिले को 196-196 यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है।

कामाख्या यात्रा के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून निर्धारित की गई है, जबकि मथुरा-वृंदावन यात्रा के लिए आवेदन 11 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। प्राप्त आवेदनों की सूची क्रमशः 30 जून एवं 14 जुलाई तक जिला कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी तथा चयनित यात्रियों की जानकारी आईआरसीटीसी को 4 जुलाई एवं 18 जुलाई तक भेजी जाएगी। कलेक्टर कार्यालय ने सभी तहसीलदारों, जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों को निर्देश दिए हैं कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र एवं इच्छुक नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करें। आवेदनों की संकलित सूची एवं आवश्यक दस्तावेज निर्धारित समय-सीमा में जिला कार्यालय को उपलब्ध कराए जाएंगे।

योजना के तहत चयनित तीर्थयात्रियों को मंडला मुख्यालय से रेलवे स्टेशन तक पहुंचाने की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी। यात्रियों को मौसम के अनुरूप व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री साथ रखने की सलाह दी गई है।

## आबकारी विभाग मण्डला की अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई

**मण्डला।** मण्डला वृत्त अंतर्गत अवैध मदिरा के विरुद्ध दबिश एवं जांच कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान महाराजपुर क्षेत्र के कारिकोन ग्राम में राज चक्रवर्ती के घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सोफे के भीतर छिपाकर विक्रय के लिए रखी गई देशी एवं विदेशी मदिरा बरामद की गई। मौके से 10 नग एम.डी. व्हिस्की, 12 नग आर.एस. व्हिस्की, 10 नग एम.डी. रम तथा 30 नग देशी प्लेन मदिरा जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पेटेगांव में एक घर की तलाशी के दौरान 10 लीटर कच्ची मदिरा बरामद कर जप्त की गई। अवैध रूप से मदिरा का विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत विधिवत प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 9,900 रूपए आंकी गई है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी तथा आबकारी आरक्षक भानु पुसाम, सत्यपाल मरावी, शकुंतला सैयाम एवं नेतराम ककोटिया उपस्थित रहे।

# नारायणगंज में समावेशी शिक्षा पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

*** 185 शिक्षकों को मिला विशेष ज्ञान, दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आकांक्षी विकासखंड योजना के तहत चयनित विकासखंड नारायणगंज में 9 से 13 जून तक शासकीय मॉडल स्कूल कुड़ामैली में समावेशी शिक्षा पर पाँच दिवसीय मल्टी-कैटेगरी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रद्धा सोनी के नेतृत्व में चले इस प्रशिक्षण में सीडब्ल्यूएसएन बच्चों को पढ़ाने वाले 173 शिक्षक और 12 जन शिक्षक सहित कुल 185 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सामान्य विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों के शिक्षकों को ब्रेल लिपि, सांकेतिक भाषा, विशेष शिक्षण तकनीक और व्यक्तिगत शैक्षिक कार्यक्रम यानी आईईपी की जानकारी देना था।

प्रशिक्षण में शिक्षकों को बताया गया कि दिव्यांग बच्चों का सामान्य बच्चों की तरह नामांकन सुनिश्चित किया जाए और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। ब्रेल लिपि के उपयोग, सांकेतिक भाषा के व्यावहारिक अभ्यास, अधिगम स्तर के मूल्यांकन, 21 प्रकार की दिव्यांगताओं की पहचान और उनके अनुरूप शिक्षण पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। मास्टर ट्रेनरों श्री संदीप सोनी, प्रशांत वैद्य, अरविंद यादव, श्रीमती सीमा यादव, शेख इरफान, पंकज उईके, श्रीमती शंकरिया उईके और श्रीमती शालिनी ठाकुर ने सत्रों का संचालन किया।

समापन अवसर पर श्री उपाध्याय ने शिक्षकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा का मूल उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को उसकी आवश्यकता और क्षमता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। दिव्यांग बच्चे किसी भी दृष्टि से कम नहीं हैं, उन्हें सही अवसर और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण चाहिए। इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण से शिक्षकों को ब्रेल लिपि, सांकेतिक भाषा और आईईपी की व्यावहारिक जानकारी मिली है। प्रशिक्षित शिक्षक अब विद्यालयों में समावेशी शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू कर सीडब्ल्यूएसएन बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को सुनिश्चित करेंगे।

कार्यक्रम में शिक्षा समिति अध्यक्ष अविनाश शर्मा, बीआरसी कमलेश भवेदी, प्राचार्य एडमोन लकणा, प्राचार्य चितामणि वैष्णव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे। समापन पर स्वामी विवेकानंद का कथन भी साझा किया गया कि ईश्वर जिन्हें अधिक चाहता है, उन्हें शिक्षक बना देता है। वक्ताओं ने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे समर्पण के साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें।

## सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का प्रवास कार्यक्रम

**मण्डला।** सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते 14 जून को दोपहर 3:45 बजे डिण्डौरी से सरही गेट मंडला पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे। 15 जून को प्रातः 10 बजे सरही गेट से बिछिया के लिए रवाना होंगे तथा प्रातः 11 बजे बिछिया में जनकल्याण शिविर में भाग लेंगे। सांसद श्री कुलस्ते 11:30 बजे बिछिया से घुटास के लिए प्रस्थान करेंगे एवं दोपहर 12:10 बजे घुटास में जनकल्याण शिविर में शामिल होंगे। वे दोपहर 2 बजे घुटास से घुघरी के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 3 बजे नेवक्षर घुघरी पहुंचकर जनकल्याण शिविर में शामिल होंगे। श्री कुलस्ते शाम 4 बजे नेवक्षर घुघरी से ढेंकों पंचायत, सलवाह मण्डल के लिए रवाना होंगे तथा शाम 4:30 बजे जनकल्याण शिविर में भाग लेंगे। शाम 5 बजे ढेंकों पंचायत से घुघरी के लिए प्रस्थान करेंगे। सांसद श्री कुलस्ते शाम 5:30 बजे घुघरी में आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल होंगे। वे शाम 7 बजे घुघरी से मंडला सर्किट हाउस के लिए रवाना होंगे तथा रात्रि 9 बजे मंडला पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। सांसद श्री कुलस्ते 16 जून को प्रातः 10 बजे मंडला से मुकासखुर्द नारायणगंज के लिए प्रस्थान करेंगे तथा प्रातः 11 बजे वहां पहुंचकर बाउंड्रीवॉल का लोकार्पण एवं जनकल्याण शिविर में शामिल होंगे। वे दोपहर 12 बजे नारायणगंज से जनपद पंचायत निवास के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 12:30 बजे निवास हायरसेकेंडरी स्कूल में भाग लेंगे।

**समस्या** | **बरसात से बचने टीन शेड की मांग, स्वच्छता पर भी ध्यान देने को कहा।**

# बस स्टैंड चौपाटी पर सुविधाओं का अभाव


*** चाय-नाश्ता ठेला संचालक परेशान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज






जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया उर्फ नारायणगंज के बस स्टैंड स्थित चौपाटी क्षेत्र में चाय, नाश्ता एवं पान ठेला संचालकों ने मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर नाराजगी जताई है। ठेला संचालकों का आरोप है कि पंचायत द्वारा उनसे नियमित रूप से शुल्क लिया जा रहा है, लेकिन उसके अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। ठेला संचालकों के अनुसार पंचायत द्वारा चौपाटी क्षेत्र में दुकान संचालन के लिए प्रति माह लगभग 1000 रूपये शुल्क तथा अमानत राशि के रूप में 2000 रूपये जमा कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त सफाई व्यवस्था के नाम पर प्रति सप्ताह 50 रूपये भी लिया जाता है। इसके बावजूद क्षेत्र में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं है तथा आसपास डिस्पोजल सामग्री एवं पानी के पाउच फैले रहने से गंदगी बनी रहती है। स्थानीय ठेला संचालकों का कहना है कि उन्हें शुल्क जमा करने के बाद भी बैठने, ग्राहकों के खड़े होने तथा बरसात और गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं दी गई है। उनका आरोप है कि शुल्क लेने के बदले जो पर्चियां दी जाती हैं, उनमें आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं दिखाई देतीं। ठेला संचालकों ने मांग की है कि बस स्टैंड चौपाटी क्षेत्र में टीन शेड सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि बरसात और गर्मी के मौसम में उनका व्यवसाय प्रभावित न हो। उनका कहना है कि कुछ संचालकों को उचित स्थान नहीं मिलने से व्यापार प्रभावित हो रहा है और रोजाना की लागत निकालना भी कठिन हो रहा है। संचालकों ने यह भी आरोप लगाया कि शुल्क जमा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी जा रही है। मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों से जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है।


धारा 77 फार्म क्र. 2 ] [ नियम 27 तथा 32 देखिये

**रसीद ग्राम पंचायत**

क्रमांक 64 तारीख 10/4/2026

ग्राम पंचायत पड़रिया श्री नरेश साहू

पिता का नाम अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त के

सम्बन्ध में पाँच सौ रूपये रु. (शब्दों में) रोकड़ के 2025 के

बही के पृष्ठ क्रमांक जलकर पर दर्ज किया गया।

रु. 500 पैसे ... प्राप्त हुए।

हस्ताक्षर सरपंच Ayade सचिव या लेखापाल

## कन्या कौशल शिविर, सेवाभारती मंडला में योग सत्र एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित






हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कन्या कौशल शिविर, सेवाभारती मंडला में आयुष विभाग के सहयोग से योग सत्र एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रियंका धुर्वे (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) एवं डॉ. एकता वाल्को (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) द्वारा बालिकाओं को योग एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

सत्र का शुभारंभ ध्यान के अभ्यास से हुआ। इस दौरान बालिकाओं को मानसिक शांति एवं एकाग्रता का अनुभव कराने के साथ-साथ जीवन में सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

शिविर में विशेष रूप से किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया, जो उनके शारीरिक विकास एवं हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं। साथ ही, ऐसे योगासनों की जानकारी भी दी गई जिन्हें बालिकाएँ अपने घर पर माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों को भी सिखा सकें, जिससे पूरा परिवार जीवनशैली जनित विभिन्न रोगों से बचाव कर स्वस्थ जीवन अपना सके।

योग सत्र के उपरांत बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक संक्षिप्त करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन किया गया। इसमें उन्हें अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप सही दिशा का चयन करने तथा भविष्य की योजनाओं को बेहतर ढंग से निर्धारित करने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी बालिकाओं को प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या एवं जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर कन्या कौशल शिविर की संपूर्ण टीम, हरिकेश दुबे, दीपक रोहरा, श्रीमती सत्या रोहरा, छिंदवाड़ा टीम से सुश्री अनीता राउत, सुश्री कविता सूर्यवंशी, सुश्री माही दत्ता तथा आयुर्वेदिक जिला चिकित्सालय के स्टाफ सदस्य अशोक दास बैरागी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**// शपथ पत्र //**

मैं श्रीमती कमला कुलस्ते पति श्री वीरेन्द्र कुमार कुलस्ते आयु करीब 53 साल, निवासी वार्ड न. 04, झरिया मोहल्ला, मोहगांव तहसील घुघरी जिला मण्डला म.प्र. आधार कार्ड नंबर 810489159793 की निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ :-

1. यह कि, विवाह पूर्व में अपना नाम कमला मरकाम पिता श्री सोनू सिंह मरकाम लिखा करती थी. जो नाम मेरे शालेय विलेखो, अकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है।
2. यह कि, मेरा विवाह श्री वीरेन्द्र कुमार कुलस्ते के साथ सम्पन्न हो जाने के पश्चात से मैं अपना नाम श्रीमति कमला कुलस्ते पति श्री वीरेन्द्र कुमार कुलस्ते लिखने लगी हूँ, जो नाम पता मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है।
3. यह कि, उक्त श्रीमती कमला कुलस्ते पति श्री वीरेन्द्र कुमार कुलस्ते एवं कमला मरकाम पिता श्री सोनू सिंह मरकाम दोनों नाम मेरे ही है तथा उक्त दोनों नाम वाली में एक ही महिला हूँ।
4. यह कि, मेरे नाम से आयकर विभाग द्वारा पेन कार्ड कमांक-CXCPM8759D जारी किया गया है, जिसमें मेरे त्रुटिवश मेरे पति VEERENDR KUMAR MARKAM का नाम दर्ज हो गया है। जो गलत है। अस्तु मेरे उक्त पेन कार्ड में दर्ज मेरे पति के नाम के स्थान पर मेरे पिता SONU SINGH MARKAM का नाम दर्ज किया जावे, अतः समर्थन में यह शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### ससुराल में हो गई पिटाई

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम उकासघाट निवासी संज पिता अजुद्दी ओझा उम्र 35 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह बीते हुये कुछ महिनों से अपनी ससुराल यानि की ग्राम अर्जुनगांव में परिवार के साथ रहता है। वही बाजू में परसराम मेहरा का मकान भी बना हुआ है जिससे पुरानी बुराई चल रही है। इस तरह पुरानी बुराई को लेकर परसुराम मेहरा द्वारा अचानक प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये लहकरी से बार करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### देवर ने भाभी से की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम केकरा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसका पति बिकलांग होने के चलते वह लोगों के वर्तन माजते हुये अपना जीवन यापन कर रही है और उसके देवर राजेन्द्र कहार से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी के चलते हुये देवर द्वारा जमीन के विवाद को लेकर प्रार्थिया को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### महिला को ईंट पत्थर मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बैरागढ़ निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर पर थी उसी समय ग्राम थरेरी निवासी भरत धानक गाली गुप्ता कर रहा था जब प्रार्थिया द्वारा उसे इस तरह गाली बकने से रोका तो आरोपी द्वारा ईट पत्थर मारते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### कुतिया को मारने पर मामला दर्ज

**गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम कामती में देखने मिली है। जहां पर दो लोगों के बीच चल रही पुरानी बुराई को लेकर घर के सामने बंधी कुतिया को ही मार डाला। घटना के संबंध में ग्राम कामती निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि गांव में ही रहने वाले विशाल कुशवाहा से प्रार्थी की पुरानी बुराई चल रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जब घर के सामने आकर विशाल कुशवाहा गंदी गंदी गालिया दे रहा था तो प्रार्थी द्वारा उसे गाली देने से मना किया। इस बात को लेकर आरोपी द्वारा प्रार्थी के घर के सामने बंधी हुई कुतिया को लाठियों से पीटते हुये मार डाला।

### जीजा ने की साले की पिटाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ तेंदूखेड़ा थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम जामनपानी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस वह अपनी बहिन पूजा के ससुराल ग्राम निवारी आया हुआ था। इस दौरान बहिन ने अपने भाई को बताया कि बहनोई ब्रजेन्द्र ठाकुर उससे पूरे दिन से लड़ाई झगड़ा विवाद कर रहे है। इस बात को लेकर जब प्रार्थी द्वारा अपने बहनोई को समझाने का प्रयास किया तो ब्रजेन्द्र ठाकुर द्वारा अपने साले को गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### सब्जी विक्रेताओं को सुविधाओं की दरकार

**गाडरवारा।** जरा सी बारिश होने के बाद शहर की पानी टंकी के पास लगने वाले नियमित सब्जी बाजार में कीचड़, पानी व्याप्त होने से सब्जी उपभोक्ताओं और गांवों से सब्जियाँ बेचने आए लोगों को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सब्जी बाजार के चारों तरफ से खुले होने से आवारा जानवरों की धमा चौकड़ी और उचित प्रकार व्यवस्था न होने से सब्जि विक्रेताओं को अनेक प्रकार की दिक्कतों का सामना करने पड़ रहा है तथा उनकी ग्राहकी प्रभावित हो रही है।

### दुकानों सहित अन्य प्रतिष्ठानों में दिन रात हो रहा बाल श्रमिकों का शोषण

# तपती हुई धूप के बीच खेल दिखा कर बच्चे अपना पेट पालने के लिए हो रहे मजबूर

**मासूमों की जिन्दगी संवारने के लिये चलाने वाली शासन की योजनाओं पर खडे हो रहे सवाल..?**






**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा मासूम बच्चों को पढ़ाई से लेकर अन्य सुविधाएं प्रदान करने के नाम पर अनेक प्रकार की योजनाएं तो चलाई जा रही है। मगर इसके बाद भी जब लोग बच्चों को होटलों सहित अन्य जगहों पर काम करने के आलवा अपना व परिवार का पेट पालने के लिए खेल दिखा कर पैसा एकत्र करते हुए देखा जाता है तो निश्चित तौर से शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर सबाल खड़े होने से नही चूक पाते है..? वही दूसरी ओर इस प्रकार की सच्चाई को देखकर लोग यह बात कहने से नही चूकते है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं के नाम पर हर वर्ष सरकारों द्वारा बजट तो खर्च किया जा रहा है। मगर इसके बाद भी मासूमो की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है तो फिर वह बजट जा कहा रहा है यह एक चिंता जनक सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रही है...? यदि गौर किया जावे तो शासन द्वारा जहां 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी प्रकार का काम कराने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रकार से बाल श्रम को रोकने के लिए उठाये गये कानूनी कदम विफल साबित होने के साथ मात्र कागजों पर ही सफल होते हुए दिखाई देने से नही चूक रहे है..? जिन मासूम बच्चों के हाथो मे कलम और स्लेट होनी चाहिए थी आज उनके हाथो मे चाय का गिलास और होटलों की प्लेटों सहित अपनी जिन्दगी को खतरे में डालने के साथ अपना पेट पालने के लिए मेहनत करते हुए आसानी से देखे जा सकते है? इतना ही नही अक्सर देखा जाता है कि शादी के सीजन हो या फिर अन्य कोई समारोह के दौरान बाल श्रमिकों को पानी पिलाते और पानी की टंकियों को भरते और शादी खत्म होने के बाद वर्तन साफ करते और बाद मे गद्दे, कुर्सी उठाते हुए देखा जा सकता है। क्योंकि गरीबी व अशिक्षा और तंगी के कारण कम उम्र के बच्चों को मजदूरी करने मजबूर होना पड़ रहा है, जो सुबह से लेकर देर रात तक आयोजनों से लेकर होटलों व आयोजनों में काम करते देखे जाते है। बालश्रम को रोकने के लिये बनाये गये कानून के बावजूद दिन प्रतिदिन बाल श्रमिकों की संख्या मे वृद्धि हो रही है। वही देखा जाता है कि शहरों से लेकर क्षेत्र के कस्बों में इस प्रकार से मासूम बच्चे रोजगार को तलाशते ऐसे नन्हे कदम गांवों से शहरों की ओर बढ रहे है। इस तरह बालश्रमिकों की संख्या मे वृद्धि होने का एक मात्र प्रमुख कारण गरीबी और अशिक्षा बताया जा रहा है, इतना ही नही बाल श्रम कानून के ढीले पड़नें के कारण शहरों से लेकर गांव गांव खुले हुए ढाबों, होटलों और लॉजों के मालिकों द्वारा इन मासूमो का खुलेआम आर्थिक व शारीरिक शोषण करने में भी कोई कसर नही छोड़ी जा रही है, इतना ही नही अनेकों बार तो इस प्रकार की सच्चाई देखने मिलती है कि काम करते वक्त यदि किसी मासूम के हाथ से क्षति पहुंच जाती है तो उसे पीटने के साथ साथ उसे प्रदान किये जाने वाली चंद रूपयो में भी कटौती कर दी जाती है? विगत कुछ वर्ष पूर्व शासन द्वारा पुलिस प्रशासन के माध्यम से अभियान मुस्कान की शुरूआत कराई गई थी जिसमें दुकानों सहित अन्य जगहों पर काम करने वाले मासूम बच्चों को पुलिस द्वारा ले जाकर उनसे काम करवाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही थी। मगर बताया जाता है कि यह अभियान मात्र चंद दिनों के लिए खाना पूर्ति करते हुए समाप्त हो गया और वह मासूम बच्चे फिर पूर्व की तरह दुकानों होटलो व शादी समारोहों के साथ साथ सड़को पर अपनी जिन्दगी को खतरे में डालते हुए पेट पालने के लिए अनेक प्रकार के खेलत दिखाते हुए नजर आने लगे है? इस बात की सच्चाई शहरों के साथ साथ अब गांवों में भी आसानी से देखने मिल सकती है कुछ इसी प्रकार का नजारा बीते हुए दिवस उस समय देखने मिला जहां पर एक मासूम बच्ची एक लकड़ी पर अपने पेट के भर लेटकर काफी ऊचाई पर पहुंचकर अनेक प्रकार के खेल दिखा रही थी? जिसको देखने वाले कुछ पल के लिए तो खुश होकर ताली बचाते हुए उसे दस पांच रूपया तो प्रदान कर देते है। मगर इस सच्चाई को देखकर सबाल यह उठता है कि यदि इस प्रकार वह मासूम बच्ची इतनी उचाई से गिर गई तो उसकी जिन्दगी का क्या होगा? शायद भीड के बीच खडे.किसी भी व्यक्ति व नगर के अधिकारियों द्वारा नही सोचा गया होगा? इस प्रकार से मासूमों का खेल देखने वाली भीड़ में अधिकारियों से लेकर वह नेता भी शामिल रहते है जो आये दिन मंचों से मासूमों का भविष्य सुधारने की बात तो कहते हुए दिखाई देते है। मगर उनके भाषण सिर्फ मंचों तक ही सीमित रहने का ही परिणाम है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेकों योजनाओं के बाद भी अनेक बच्चों शिक्षा से दूर दिखाई पड़ रहे है, जबकि सरकारी आकड़ो में देखा जावे तो इन बच्चों के नाम पर खर्च होने वाली राशि से इन बच्चों की जगह अनेक नेताओं व अधिकारियों को जरूर लाभ मिलने में कोई कसर बाकी नही रह रही है।

## एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान का हुआ भव्य समापन, बच्चों की प्रस्तुति ने मनमोहा



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ चीचली क्षेत्र में स्थापित द्वारा प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिये जहां आये दिन अनेक प्रकार के कैम्पों का आयोजन करते हुये लोगों को लाभ पहुंचाया जाता है तो दूसरी ओर बच्चों के लिये खेल कूद से लेकर शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओ के लिये भी पीछे नही रहती है। इसी प्रकार से एनटीपीसी गाडरवारा में आयोजित एक माह के आवासीय बालिका सशक्तिकरण अभियान (गर्ल एम्पावरमेंट मिशन – GEM 2026) के दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखे गये। इस अभियान का बीते हुये शनिवार भव्य समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह एनटीपीसी की एक महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) पहल है, जिसका उद्देश्य आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों को सशक्त बनाना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है।इस अभियान के अंतर्गत चयनित 70 बालिकाओं को एक माह तक एनटीपीसी टाउनशिप में आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें नेतृत्व विकास, संवाद कौशल, आत्मरक्षा, कंप्यूटर साक्षरता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, रचनात्मक कला तथा खेलकूद जैसे विविध विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास का विकास करना, उन्हें जागरूक बनाना तथा समाज में सक्रिय एवं सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार करना रहा। समापन समारोह में प्रतिभागी बालिकाओं ने रंगा रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि विभिन्न राज्यों की भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों को नृत्य, संगीत एवं अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत कर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी बालिकाओं के अभिभावकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। समारोह के मुख्य अतिथि हिम्मत सिंह चौहान परियोजना प्रमुख एनटीपीसी ने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान क्षेत्र में बालिका सशक्तिकरण को नई दिशा और गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुये उन्होंने बताया कि एनटीपीसी ने देशभर के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत की है। इस एक माह की प्रशिक्षण यात्रा के दौरान बालिकाओं में आया सकारात्मक परिवर्तन केवल उनके ज्ञान तक सीमित नहीं है। बल्कि उनके व्यक्तित्व, सोच, व्यवहार और नेतृत्व क्षमता में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यह कार्यक्रम उन्हें आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ बड़े सपने देखने और उन्हंट साकार करने का साहस भी प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र, पदक, स्मृति-चिह्न एवं समूह छायाचित्र प्रदान किए गए। GEM 2026 के समापन समारोह ने यह सशक्त संदेश दिया कि जब एक बालिका सशक्त होती है तो उसके साथ पूरा परिवार, समाज और समुदाय प्रगति की ओर अग्रसर होता है। यह पहल केवल शिक्षा और प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रही, बल्कि बालिकाओं को एक नई दृष्टि, आत्मविश्वास और उद्देश्यपूर्ण जीवन की दिशा प्रदान करने में सफल रही। समारोह में एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के आलवा सभी महा प्रबंधकों तथा अवनी महिला मंडल की उपाध्यक्ष एवं स्वयं सेविकाओं तथा आयोजन समिति के सदस्यों तथा बड़ी संख्या में कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## ओवर लोडिंग सहित नियम विरूद्व चल रहे वाहनों के खिलाफ सूबेदार सिंह का घूम रहा डंडा




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह वाहन चालको की मनमानी के नजारे देखने मिल रहे है उसके चलते आम लोगों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही चूक रही है। हाल यह बना हुआ है कि जहां बडे वाहन ओवर लोडिंग स्थिति में दिखाई दे रहे है तो दूसरी ओर चार पहिया वाहन मालिको द्वारा नियमों को दरकिनार करते हुये अपनी गाड़ियों में काली फिल्म लगाते हुये रौब झाड़ने से नही चूक रहे है। इस तरह काली फिल्मों के बीच वाहनों में चोरी छिपे अवैधानिक गति विधियों के साथ साथ मादक पदार्थो का परिहवन होने से भी नही चूक रहा है। इस तरह वाहन चालको व मालिको की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिये गाडरवारा क्षेत्र के यातायात प्रभारी सूबेदार नोवेन्द्र सिंह द्वारा बीते हुये एक सप्ताह से लगातार डंडा घुमाते हुये चलानी कार्यवाही में जुटे हुये देखे जा रहे है। बताया जाता है कि पिछले 07 दिनों की चलानी कार्रवाई में यातायात पुलिस के द्वारा नंबर प्लेट पर 30 चालान, वाहनों में ब्लैक फिल्म पर 10 चालान तथा सीट बेल्ट न पहनने पर 16 चालान एवं ओवर लोड वाहन पर 01 चालान के आलवा खतरनाक हालत में यहां वहां पर खड़े करने पर 02 चालान और तेज गति से वाहन चलाने पर 01 चालान हसहित लमेट न पहनने वाले व्यक्तियों पर 43 चालान के साथ साथ बुलेट के साइलेंसर ना होने के चलते तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण करने पर 01 चालान की कार्यवाही की गई। इस प्रकार से वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने का 01 चालान किया गया। इस तरह बीते हुये एक सप्ताह के अंदर सूबेदार नोवेन्द्र सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ आरक्षक दीपेन्द्र राजपूत, पुष्पराज सिंह परिहार एव उप निरीक्ष अरूण इनवाती के तथा आरक्षक शिवराज सिंह के साथ मिलकर कुल मिलाकार 109 चालान किए गये तथा इसमें समन शुल्क 64400 रूपया की बसूली की गई। इस संबंध में यातायात प्रभारी नोवेन्द्र सिंह का कहना है कि यह कार्यवाली लगातार जारी रहेगी।

## बच्चों का पोषण आहार खाकर आखिर कौन हो रहा है मोटा, अभिभावकों को पता ही नहीं क्या मिलता है मासूमों को...?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** शासन द्वारा बच्चों का अच्छा भरण पोषण हो सके इसके लिए अनेक योजनाएं चलाई जारही है, मगर इसके बाद समीपस्थ जनपद पंचायत चीचली सांईखेड़ा के अंतर्गत अनेक गांवो में देखा जावे तो वह लगातार पिछड़ रहें है। क्षेत्र मे संचालित अधिकांश सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के चलते इतनी फजीहत है कि शासन की मंशा कही से किसी कीमत मे पूरी होती नही दिखती है..? भ्रष्टाचार ने सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को ऐसा पलीता लगाया जा रहा है कि योजनाये जहां दम तोड रही है जिसके चलते अनेक हितग्राही योजनाओं का लाभ पाने वाले भटकते हुए देखे जा रह है..? क्षेत्रवासियों का जनचर्चाओं में आरोप है कि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं की उन तक तब जानकारी बहुचती है जब या तो वह पूरी हो चुकती है या फिर उनमें आई राशि खत्म हो जाती है? ऐसी एक नही अनेक योजनाएं है जिनका कागजों से हटकर हकीकत में आम लोगों लाभ मिलना चाहिए मगर नही मिल पा रहा है, जिसमें अनेक योजनाएं तो महिला बाल



विकास के हबाले से जो भ्रष्टाचार व अनियामितताओं का शिकार होते हुए देखी जा रही है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो पोषण आहार योजना की जो दुर्दशा होते हुए देखी जा रही है जिसे देखकर शहर में ही सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों मे इस योजना का क्या हाल होगा..? हरिभूमि ने जब क्षेत्र के कुछ ग्रामीण क्षेत्र के पोषण आहार केन्द्रों और कुछेक आंगनवाड़ी केन्द्रों का भ्रमण करते हुए इसकी सच्चाई का पता किया गया तो अनेक केन्द्रो में पाया कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में चल रही गफलत बाजी के चलते वह योजनाएं जहां असफल साबित हो रही है, वही दूसरी ओर बच्चों का पोषण होने की जगह व अपोषित होते चले जा रहे है? जबकि शासन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो में अध्यन करने वाले बच्चों के नियम से अलग अलग दिन के हिसाब से खाना मिलना चाहिए, मगर सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन आंगनबाड़ियों में अध्ययन करने वाले अनेक बच्चों के अभिभावकों को पता नही है कि आज उनके बच्चों को अलग से कुछ मिला है कि नही..। क्योंकि बच्चों द्वारा घर जाकर वही बताया जाता है कि जो रोज मिल रहा है वही आज मिला है। इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो क्षेत्र के अनेक आंगनवाड़ी केन्द्रों मे काम करने वाली कार्यकर्ताओं ने दबे सुर मे अपना नाम उजागर न करने की बात पर अपनी परेशानियां बताई जो गंभीर है? इनके विभागीय अधिकारियों द्वारा पैसों की मांग की जाती है और मांग पूरी न होने पर इन्हें डराया धमकाया जाता है और तो और इन्हे नौकरी से निकाल देने का भय भी दिखाया जाता है, इसके चलते कुछ स्थानों की स्थिति तो यह बने है कि केन्द्रो में जितने बच्चे उपस्थित नही रहते है, उनका भी भोजन बनाने का रिकार्ड दर्ज कर काफी हद तक गोलमान किया जाने की जानकारियों मिलना आम बात होती चली जा रही है? इतना ही नही यदि कोई आंगनवाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता व इनको भोजन देने वाले समूह द्वारा इस पर अपत्ति ली जाती है तो अधिकारियों द्वारा उन्हे धमकी देकर मुंह बंद कर दिया जाता है? वही कुछ अधिकारियों द्वारा तो शासन के धन पर अपना कब्जा करे हुए शासन की योजनाओं को खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है? इस प्रकार से यदि गौर किया जावे तो महिला विकास विभाग के लिए पोषण आहर योजना धन पान की खान बनी हुई है? यदि इस बात की सच्चाई को जानने के लिए कोई बड़ा निष्ठावान अधिकारी क्षेत्र में संचालित होने बाली आंगनवाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण करते हुए बच्चों से इसकी सच्चाई स्वयं पहुंचकर पूछे तो महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों सच्चाई पूर्णरूप से सामने ही नही बल्कि बच्चों के पोषण आहर को अपने कमाई की खान समझने वाले अधिकारियों की सच्चाई भी सामने आ सकती है।

## मण्डी एवं नगर पालिका काम्प्लेक्स दुकानदारों पर लाखों बकाया तो दूसरी ओर अनेक दुकाने किरायेदार टू किरायेदार पर चल रही है?



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय जवाहर कृषि उपज मंडी द्वारा अपनी राजस्व आय बढ़ाने शापिंग काम्प्लेक्स दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसके चलते उपज मण्डी द्वारा लगभग 152 दुकाने बताई जाती है। इसी प्रकार से नगर पालिका द्वारा संजय गांधी मार्केट में 13 दुकाने, गांधी मार्केट में 11 दुकाने व इंदिरा शापिंग काम्प्लेक्स में 64 दुकाने तथा कामथ काम्प्लेक्स में 24 दुकाने तथा पं. दीनदयाल बस स्टैण्ड में 10 दुकाने, चीचली रोड पर स्थित काम्प्लेक्स में 10 दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसमें से इन शापिंग दुकानों में से 126 दुकाने नगर पालिका द्वारा किराये से दी गयी। मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा इन दुकानों को अपनी जुगाडू व्यवस्था के चलते किराय से लेकर अन्य दूसरे को किराय पर दे रखी है, जिनका किराया विगत लम्बे समय से न तो मंडी कार्यालय में जमा हो रहा है ओर न ही नपा में जिसके कारण इस समय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी प्रशासन को दुकानदारों से 30 लाख रूपया से ऊपर तथा नगर पालिका प्रशासन को कई लाख रूपया से ऊपर की राशि इन दुकानदारों से किराय के रूप में लेना बाकी निकल रहा है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इन दुकानदारों में कुछ दुकानदारो की स्थिति तो कुछ इस प्रकार से बताई जाती है कि जिनका किराया लाख रूपया से ऊपर है। वही बताया जाता है कि मंडी एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा बकाया किराया वाले दुकानदारों पर नियमानुसार नोटिस देकर दुकान खाली कराने का अधिकार होने के साथ साथ किसी शासकीय संपत्ति के संबंध में बताया जाता है कि जो व्यक्ति यदि किराय से लेता है तो उसका उपयोग वही करता है किरायदार को किराय से देने का अधिकार नही होता है..? मगर बडे ही हैरत की बात है कि इसके बाद भी अनेक दुकान नियाम के खिलाफ किरायदार से किरायदार के रूप में चल रही है। लेकिन आज तक ऐसी कोई कार्यवाही मंडी एवं नगर पालिकस प्रशासन द्वारा की नही गयी, हालांकि मंडी एवं नगर पालिका वसूली अधिकारी का कहना है कि हम बकायादारों से राशि जमा करने की बात कहते रहते है, बहरहाल मंडी एवं नगर पालिका शापिंग काम्प्लेक्स से लाखों रूपयो की बकाया राशि बसूल न किया जाना नगर पालिका एवं मंडी प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है।

## जहां तहां अधूरे पड़े शौचालयों के गड्डे मूक पशुओं की जिन्दगी के लिये बन रहे खतरा

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** देश को स्वच्छ व स्वास्थ्य बनाने की सोच के चलते सरकार द्वारा शुरू की गई स्वच्छता की मुहिम के चलते जिस प्रकार से लगभग तीन वर्ष पूर्व जिस प्रकार से जिले से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा अपनी वाही वाही लूटने के लिए जिले को बाह शौच घोषित मुक्त कराये जाने की जो रामलीला की गई थी, उसको लेकर स्थानीय अखबारों द्वारा लगातार इस बात को उजागर किया जा रहा था कि जब लोगों के घरों में अभी तक शौचालयों का निर्माण हुआ ही नही है तो फिर आखिर में जिला बाह्शौच मुक्त घोषित कर कैसे दिया? मगर इस बात को लेकर न तो उस समय जिले के नेताओं द्वारा ध्यान दिया गया और न ही विपक्ष में बैठी हुई राजनीतिक पार्टीयों द्वारा जिसका परिणाम यह हुआ कि जिला स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से अपनी वाही वाही लूटने के लिए संपूर्ण जिले को इस प्रकार से लगभग सात वर्ष पूर्व उस समय प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा बाह्शौच मुक्त घोषित कराते हुए सम्मान पाया गया था वह सिर्फ चर्चा का विषय ही नही बल्कि उस समय विपक्ष में बैठी हुई पार्टियों की उदासीनता को भी उजागर करते हुए जान पड़ रहा था? कुछ इसी तरह का हाल इस समय भी देखने मिल रहा है जहां पर प्रशासन तंत्र में बैठे हुये अधिकारी अपने कार्यालयों में बैठकर ओडीएफ प्लस करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? क्योंकि जहां प्रशासन द्वारा लोगों के घरों में शौचालयों का निर्माण किया गया है उनकी गुणवत्ता शौचालयों के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की कहानी स्वयं बताते हुए दिखाई दे रहे है जो आज तक पूरे नही हो पाये है और वह सरकार ही बदल चुकी तथा जिले को वाहशौच घोषित करने में अपनी वाही वाही लूटने वाले अधिकारी भी यहां से बिदा ले चुके है? वही दूसरी यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से लगभग तीन वर्ष पहले फर्जी तरीके से घोषित हुए ओडीएफ जिले की सच्चाई देखी जावे तो शहर से लेकर गांवों में आज भी स्पष्ट दिखाई पड़ रही है जहां पर अनेक लोगों के घरों में आज तक शौचालयों का निर्माण नही होने के कारण वह लोग खुले में शौचक्रिया करते हुए देखे जा रहे है और उनके लोगों के घरों म शौचालयों का निर्माण आज भी अंधूरा पड़ा हुआ है जिसके चलते शौचालयों के निर्माण हेतु खोदे गये गड्डे मूक पशुओं के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी के लिए खुलेआम खतरे की घंटी बजाते हुए दिखाई पड़ रहे है? इस प्रकार से अंधूर पड़े हु शौचालय की सच्चाई आये दिन शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिलने से नही चूक रही है जब इन अंधूरे शौचालयों के गड्डो में मूक पशु गिरने से उनकी जान खतरे में पड़ते हुये देखी जाती है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते वर्ष भी उस समय देखने मिल चुकी थी जब क्षेत्र में अनेक जगहों पर इस प्रकार से अधूरे पड़े हुये शौचालयों के गड्डो में मूक पशु गिरने से उनकी मौत तक हो चुकी है, मगर इस ओर शासन प्रशासन द्वारा शायद ध्यान इसलिय नही दिया जा रहा है क्योंकि शासन के रिकार्ड में शौचालय तो पूर्ण हो चुके है तभी तो जिला ओडीएफ घोषित हुआ होगा।



खबर संक्षेप

## रामघाट और कोटितीर्थ में बढ़ीं संदिग्ध गतिविधियां

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली और देश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन केंद्र अमरकंटक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। पवित्र रामघाट, कोटितीर्थ घाट और गांधी कुंड क्षेत्र में इन दिनों अराजक एवं संदिग्ध तत्वों की बढ़ती मौजूदगी से स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों और तीर्थयात्रियों में चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार सुबह से लेकर दोपहर तक कुछ संदिग्ध युवक-युवतियां और नाबालिग चंदन-टीका लगाने के नाम पर घाटों और मंदिर परिसर के आसपास घूमते रहते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये तत्व श्रद्धालुओं की गतिविधियों पर नजर रखते हैं और स्नान या पूजा-अर्चना के दौरान मौका मिलते ही मोबाइल फोन, पर्स, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते हैं। कई श्रद्धालुओं ने शिकायत की है कि मां नर्मदा में स्नान के दौरान घाट किनारे रखे उनके मोबाइल और पर्स चोरी हो गए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व बैंकटोला क्षेत्र के एक नाबालिग को चोरी के आरोप में पकड़ा गया था, जिसके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ था। इसके बावजूद घाट क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाया है। नागरिकों का यह भी आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व घाट और मंदिर क्षेत्र में खुलेआम घूमते हैं तथा कई बार नशे की हालत में श्रद्धालुओं को परेशान करते देखे जाते हैं। इससे अमरकंटक की धार्मिक गरिमा और पर्यटन छवि दोनों प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय लोगों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि घाटों और मंदिर परिसर में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, सीसीटीवी निगरानी को सशक्त किया जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। उनका कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और अमरकंटक की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रशासन को तत्काल ठोस कदम उठाने होंगे।

## गर्भवती महिला को जिला चिकित्सालय में कराया गया दाखिल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जनपद पंचायत अनूपपुर की ग्राम पंचायत बदरा में आयोजित जनकल्याण शिविर के दौरान मैदानी अमले को एक ऐसी गर्भवती महिला की जानकारी प्राप्त हुई, जो बार-बार आग्रह के बाद भी अपनी स्वास्थ्य जांच करवाने से लगातार मना कर रही थी। मामले की संवेदनशीलता और कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दिए गए निर्देशों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने त्वरित संज्ञान लिया। सीएमएचओ एवं उनकी विशेषज्ञ मेडिकल टीम ने आज तत्काल उस गर्भवती महिला के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। टीम ने महिला और उसके परिजनों को स्वास्थ्य जांच न कराने के खतरों से अवगत कराया और काफी देर तक आत्मीयता से समझाइश दी। मेडिकल टीम द्वारा मौके पर ही की गई जांच में महिला शहाई रिस्क (अत्यधिक जोखिम) की श्रेणी में पाई गई। जांच के दौरान महिला का हीमोग्लोबिन स्तर बेहद कम, मात्र 7.6 ग्राम पाया गया, जबकि ब्लड प्रेशर 119/72 दर्ज किया गया। शुरुआत में हिचकिचाहट दिखा रहे परिजनों को जब स्वास्थ्य अधिकारियों ने जच्चा-बच्चा की जान को होने वाले खतरे के बारे में विस्तार से समझाया, तो मेडिकल टीम के प्रयासों और संवेदनशीलता का सकारात्मक असर देखने को मिला।

## सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित होने पर आकाश का हुआ सम्मान

**अनूपपुर।** जिले के संजय नगर निवासी आकाश सोनी पुत्र स्वर्गीय अशोक सोनी का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सहायक प्राध्यापक (भूगोल) परीक्षा-2024 की चयन सूची में चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर परिवार, मित्रों, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# शहपुरा में कल से प्रारंभ होगी नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथाए प्रतिदिन होगा रुद्राभिषेक




**शहपुरा।** नगर के शारदा चौक स्थित बटोंदा चौराहा के समीप काली माता मंदिर परिसर में 15 जून से 23 जून 2026 तक नौ दिवसीय भव्य एवं दिव्य श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन में पंचदशनाम जूना अखाड़ा ;मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़द्ध के महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित पूज्य स्वामी श्री आत्मानंद गिरी जी महाराज श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे।आयोजन समिति के अनुसार कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक होगा। वहीं प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से भगवान शिव के रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगाए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

कथा के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्श जीवनए मर्यादाए त्यागए धर्मपालन एवं लोककल्याण से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का विस्तृत वर्णन किया जाएगा। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है तथा कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठनेए पेयजलए प्रकाश एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।आयोजकों का मानना है कि इस धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण सुदृढ़ होगा तथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। समस्त शिष्य मंडल एवं नगरवासियों ने जिले सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण एवं धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।




## कनेरी माल पंचायत में बिल को लेकर उठे सवाल

**डिंडौरी।** मेंहदवानी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कनेरी माल में एक बिल को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने वाली एक फर्म के बिल में इनवर्टरए बैटरी और वायर जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की खरीदी दर्शाई गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित फर्म का कार्य रेतए गिट्टीए सीमेंट और सरिया जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराना है। ऐसे में उसी फर्म के बिल में इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदी दर्ज होना जांच का विषय है।ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में वित्तीय मामलों को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैंए लेकिन कई मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। लोगों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जानी चाहिए।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से बिलों और भुगतान से जुड़े दस्तावेजों की जांच कराने तथा अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एबीवीपी अमरपुर इकाई का एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न नई कार्यकारिणी घोषित



**अमरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ;एबीवीपीद्ध अमरपुर इकाई द्वारा शासकीय महाविद्यालय अमरपुर के नवीन भवन में एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में परिषद के कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन की कार्यप्रणालीए सिद्धांतों एवं गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम का शुभारंभ एबीवीपी जिला संयोजक गोकुल ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण परमार द्वारा मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मण परमार ने एबीवीपी की कार्यशैली एवं छात्र हित में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परिषद ज्ञानए शील और एकता के मूल मंत्र के साथ विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकासए सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित करने का कार्य कर रही है।प्रशिक्षण वर्ग के समापन अवसर पर अमरपुर नगर इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें केशव ठाकुर को नगर मंत्रीए अभिलाषा काशिपए कृतिका बर्मन एवं सुदामा यादव को नगर सहमंत्री का दायित्व सौंपा गया। वहीं उमेश साहू को एसएफडी प्रमुख तथा आर्यन जायसवाल को एसएफएस प्रमुख नियुक्त किया गया।कार्यक्रम के अंत में नवदायित्व प्राप्त कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण वर्ग का समापन किया गया।

# चांदरानी हाई स्कूल को बंद करने की आशंका से ग्रामीणों में नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

**डिंडौरी।** विकासखंड समनापुर के ग्राम पंचायत चांदरानी में संचालित हाई स्कूल को बंद किए जाने अथवा अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की आशंका के बीच ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय को यथावत संचालित रखने की मांग की है।ज्ञापन में बताया गया है कि चांदरानी हाई स्कूल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। विद्यालय में आसपास के लगभग 12 गांवों के छात्र.छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में यदि स्कूल को बंद किया गया या अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया गयाए तो विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है।अभिभावकों का कहना है कि स्कूल के बंद होने की स्थिति में बच्चों को दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना पड़ेगाए जिससे उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय को वर्तमान स्थान पर ही संचालित रखने की मांग की है।ज्ञापन पर बड़ी संख्या में ग्रामीणोंए अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर हैं। सभी ने एकमत होकर विद्यालय को यथावत बनाए रखने तथा क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित रखने की मांग की है।




## टेशन में राहगीरों का मोबाईल चोरी कर बेचने वाले आरोपी की जमानत याचिका निरस्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि आरोपी मो0 आजाद उर्फ सोनू उम्र 33 वर्ष पिता गौस मोहम्मद निवासी ग्राम बडा मदार छल्ला शास्त्री बार्ड बाबा टोला, थाना हनुमान ताल, जिला जबलपुर (म0प्र0) को 05 जुन स्टेशन चेकिंग के दौरान 01 व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखा और पुलिस को देखकर भागने लगा। उसको रोका गया तो उसके जेब कई मोबाईल दिख रखें थे उससे पूछताछ के दौरान उसके पास से 05 नग मोबाईल मिले और उसने बताया कि मै इन मोबाईलों को चुराया हूॅ और बेचने के लिये ग्राहक तलाशना बताया। उसके पास मिले 05 मोबाईलो में से 01 मोबाईल शिकायतकर्ता की भी मिला जिसे उसे न्यायालय के आदेशानुसार सुपुर्दग कर दिया गया है। उक्त अपराध के संबंध में शासकीय रेल्वे पुलिस जबलपुर थाना शहडोल में अपराध क्रमांक 86/2026 भारतीय न्याय संहीता 2023 की धारा 317(2), 303(2) में पंजीकृत किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में आरोपी की ओर से तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कृष्णा डागलिया के न्यायालय में जमानत पर छोड़े जाने हेतु याचिका दायर की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए और शासन की ओर से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा रखे गए तर्कों और बहस तथा मामले की गम्भीरता एवं परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी आरोपी मो0 आजाद उर्फ सोनू की जमानत याचिका को निरस्त कर दिया गया।

# कलेक्टर ने ग्राम गौरा में लगाई चौपाल अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश





**डिंडौरी।** जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड समनापुर की ग्राम पंचायत गौराकान्हारी के कोषाक ग्राम गौरा पहुंचकर चौपाल लगाई और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निराकरण एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।गौरतलब है कि 9 जून को आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों ने सड़कए पेयजल व्यवस्था एवं भूमि पट्टा वितरण में कम भूमि मिलने की शिकायतें रखी थीं। इसी दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर को गांव आने का आमंत्रण दिया था।

ग्राम भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने फुलझरिया दीदी के घर संचालित मिलेट्स बीज भंडार का अवलोकन किया। उन्होंने कोदो.कुटकीए बाजराए रागीए सलारए सीखिया मक्काए वासरा तथा काली कुटकी सहित लगभग 180 प्रकार के बीजों की जानकारी ली। कलेक्टर ने बीज वितरण का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखने तथा बीजों की पैकिंग कर बाजार में विक्रय के माध्यम से आय बढ़ाने की सलाह दी।चौपाल में ग्रामीणों ने सड़क निर्माणए पेयजल समस्या और भूमि पट्टों से संबंधित मुद्दे उठाए। इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कुओं के गहरीकरणए मरम्मत तथा नल.जल योजना के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में पहुंचकर खेतोंए कुओं और घर.घर जाकर नल.जल योजना की स्थिति का भी निरीक्षण किया।

भूमि पट्टों से जुड़ी शिकायतों के निराकरण के लिए कलेक्टर ने जनजातीय कार्य विभागए वन विभागए पटवारी एवं सचिव की संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय जांच के निर्देश दिए। वहीं सड़क निर्माण संबंधी मांगों पर भी संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।चौपाल के दौरान राशन कार्डए पेंशनए दिव्यांग प्रमाण पत्रए वृद्धावस्था पेंशन एवं समग्र आईडी ई.केवाईसी से संबंधित कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया।ग्रामीणों ने कलेक्टर का पारंपरिक स्वागत किया तथा उनसे सीधे संवाद कर अपनी समस्याएं साझा कीं। गांव से लौटते समय बारिश के कारण कच्चे मार्ग पर कीचड़ होने से अधिकारियों के वाहन फंस गएए जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित निकाला गया। यह दृश्य प्रशासन और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय का उदाहरण बना।इस अवसर पर एसडीएम भारती मेरावीए जनपद पंचायत सीईओ पंकज जैनए पीएचई विभाग के अधिकारीए जनसंपर्क अधिकारीए एनआरएलएम की अश्विनी झारिया सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## निरीक्षण के बाद भी नहीं सुधरी सफाई व्यवस्था नालियां ओवर फ्लो और गंदगी से बढ़ी चिंता



**डिंडौरी।** आगामी वर्षा ऋतु और स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए हैंए लेकिन नगर के कई वार्डों में हालात अब भी चिंताजनक बने हुए हैं। निरीक्षण और निर्देशों के बावजूद नालियों की सफाई एवं कचरा प्रबंधन व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा है।नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालियां जाम होकर ओवरफ्लो हो रही हैंए जबकि खाली प्लॉटों में कचरे के ढेर और फैली गंदगी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बारिश शुरू होने से पहले प्रभावी सफाई नहीं हुई तो डेंगूए मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

नगर परिषद की कचरा संग्रहण व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि नगर के 15 वार्डों से कचरा संग्रहण के लिए परिषद के पास स्वयं का कोई वाहन उपलब्ध नहीं हैए जबकि इस कार्य के लिए ठेकेदार को लाखों रुपये का भुगतान किया जा रहा है। लोगों ने व्यवस्था की पारदर्शिता और शासकीय राशि के उपयोग की जांच की मांग की है।वहीं वार्ड क्रमांक 09 में लंबे समय से सड़क किनारे खड़ा एक क्षतिग्रस्त ऑटो और पड़ा हुआ मलबा भी रहवासियों के लिए समस्या बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और आसपास गंदगी फैल रही है। उन्होंने संबंधित सामग्री को तत्काल हटाने की मांग की है।हाल ही में नगर परिषद में नई मुख्य नगर परिषद अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया है। नगरवासियों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में लंबित स्वच्छता समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा



और स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले नगर की सफाई व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा।

## पुरुषोत्तम मास की त्रयोदशी पर, मां नर्मदा में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की पुण्य डुबकी

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**



मध्यप्रदेश की धार्मिक एवं आध्यात्मिक राजधानी कही जाने वाली पवित्र नगरी अमरकंटक में पुरुषोत्तम मास, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी एवं कृतिका नक्षत्र के दुर्लभ पावन संयोग तथा शिव चतुर्दशी व्रत पर शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। पतित-पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर हजारों भक्त-श्रद्धालुओं ने स्नान, ध्यान, पूजन एवं अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त से ही रामघाट, कोटितीर्थ, गांधी कुंड, पुष्कर बांध एवं आरंडी संगम सहित विभिन्न नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी थीं। सुबह चार बजे से प्रारंभ हुआ स्नान का क्रम संध्या तक निरंतर चलता रहा। श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव के साथ मां नर्मदा के जल में आस्था की डुबकी लगाकर आत्मिक शांति एवं पुण्य की अनुभूति करते रहे। नर्मदा तटों पर दिनभर भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण व्याप्त रहा। महिलाओं द्वारा पारंपरिक मंगल गीतों एवं भजनों का गायन किया गया, वहीं अनेक श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए मां नर्मदा की महिमा का गुणगान करते दिखाई दिए। पूरा वातावरण नर्मदे हर के जयघोष से गुंजायमान रहा। पुण्य स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा उद्गम मंदिर पहुंचकर विधिवत दर्शन-पूजन किया तथा अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की। श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा से प्रार्थना की कि सभी जन यशस्वी, स्वस्थ, दीर्घायु एवं सुखी रहें तथा जीवन में मनोवांछित फल की प्राप्ति हो। अनुमानतः 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं ने इस पावन अवसर पर अमरकंटक पहुंचकर मां नर्मदा में स्नान एवं दर्शन का लाभ प्राप्त किया। इसके साथ ही कपिलधारा, दूधधारा, सोनमूड़ा, माई की बगिया तथा जालेश्वर धाम जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर भी दिनभर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की उल्लेखनीय भीड़ बनी रही।

# जनकल्याण शिविर में सांसद ने वितरित किए हितलाभ योजनाओं की दी जानकारी




**डिंडौरी।** जिला पंचायत परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के अंतर्गत शनिवार को सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी एवं स्टॉलों का अवलोकन कर हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।सांसद कुलस्ते ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जनकल्याण शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा हैए जिससे आमजन को सुविधा मिल रही है।

उन्होंने लोगों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा पात्र व्यक्तियों को भी इन योजनाओं से जोड़ने का आग्रह किया। सांसद ने कहा कि सरकार गरीबोंए किसानोंए महिलाओंए युवाओं और श्रमिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा जनकल्याण शिविर इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।कार्यक्रम के दौरान सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ सामग्री एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए। हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष चमरू सिंह नेतामए जनपद अध्यक्ष हन्नु सिंहए अनिल साहूए आशीष वैश्यए जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरीए एसडीएम भारती मेरावीए तहसीलदार शुशांक शिंदेए जनपद पंचायत सीईओ प्रदीप ओझा सहित अन्य जनप्रतिनिधिए अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने वाले आरोपी को सजा

**नरसिंहपुर।** न्यायालय न्यायाधीश शिवकांत कुशवाहा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा घर के अंदर घुसकर मारपीट करने वाले प्रकरण के आरोपी प्रकाश दुबे पिता ठाकुर प्रसाद दुबे उम्र 57 वर्ष निवासी खैरीखुर्द थाना तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 452 में 06 माह का सश्रम कारावास तथा 1000 रूपए का अर्थदण्ड एवं धारा 323 में 03 माह का सश्रम कारावास तथा 1000 रूपए का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

### सुयश को मिला अखिल भारतीय कीर्ति पुरस्कार



**नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के सोशल मीडिया प्रभारी व नरसिंहपुर विधानसभा के ग्राम करतार निवासी सुयश त्यागी को साहित्य के क्षेत्र मे उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक कृति 'छूटते किनारे' के लिए साहित्य अकादमी द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित अखिल भारतीय राजा वीर सिंह देव (उपन्यास) पुरस्कार सम्मानित किया गया है यह सम्मान आपकी साहित्यिक साधना, सृजनात्मक प्रतिभा, वैचारिक गहराई एवं समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टि का गौरवपूर्ण अभिनंदन है। आपकी लेखनी केवल शब्दों का सृजन नहीं करती, बल्कि समाज को दिशा, संवेदना और प्रेरणा भी प्रदान करती है। सुयश त्यागी की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर भाजपा परिवार के समस्त नेता गणों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें उनके साहित्य और जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन आज

**नरसिंहपुर।** आयुष अधिकारी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय द्वारा 14 जून को ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जाएगा। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रतिभागियों की अधिकतम संख्या सुनिश्चित करने के लिए देशभर के नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के बाद उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से ऑनलाइन सत्र की लिंक भेजी जाएगी। स्वस्थ्य भारत के निर्माण के लिए सभी नागरिकों से रविवार 14 जून 2026 को प्रातरू 6.15 बजे से 7.35 बजे तक होने वाले इस कार्यक्रम में प्राप्त लिंक से कार्यक्रम में जुड़कर योगाभ्यास का लाभ लेने की अपील की है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस सामाजिक सरोकारों की दिशा में आगे बढ़ते हुए काया इंटरनेशनल योग स्टूडियो की प्रमुख सुश्री इंदु सिंह के नेतृत्व में रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शासकीय जिला चिकित्सालय की सर्व-सुविधायुक्त बीटीसी वैन और विशेषज्ञ स्टाफ की तकनीकी भूमिका से शिविर सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम शिविर स्थल पर उपस्थित समस्त माताओं-बहनों और सदस्यों का गहन रक्त परीक्षण किया गया। रक्तदान से पूर्व चिकित्सकीय मानकों के अनुरूप सभी प्रतिभागियों के हीमोग्लोबिन एवं ब्लड प्रेशर की निःशुल्क जांच की गई, ताकि केवल पात्र एवं स्वस्थ महिलाएं ही रक्तदान कर सकें। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत पात्र चिकित्सा मानकों के अनुसार पूर्णतः स्वस्थ और पात्र पाई गई महिलाओं को ही रक्तदान की अनुमति दी गई।

## शिक्षक का समर्पण ही विद्यार्थियों की सफलता की नींव: डीईओ

# तीन दिवसीय सीमेंट प्रशिक्षण का आयोजन

### प्रायोगिक शिक्षण को बनाएं प्रभावी व रोचक





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में जिले के समस्त हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पदस्थ भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए 11 से 13 जून 2026 तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेहरू नरसिंहपुर में आयोजित तीन दिवसीय सीमेट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा द्वारा शिविर का अवलोकन कर शिक्षकों को आवश्यक तथा शिक्षण कार्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने विज्ञान विषय के शिक्षकों को विद्यालयों में प्रायोगिक प्रयोगशालाओं के प्रभावी संचालन एवं विद्यार्थियों को नियमित प्रयोग अभ्यास कराने के लिए प्रेरित किया।

### प्रभावी एवं रोचक हो वैज्ञानिक परीक्षण

शिविर के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षक विज्ञान विषय को प्रभावी एवं रुचिकर बनाने के लिए प्रयास करें, केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को प्रयोगों के माध्यम से सीखने के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। शिक्षक विद्यालयों में उपलब्ध प्रयोगशालाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करें तथा छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास करें। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि शिक्षक का सम्मान बच्चों से होता है, जो जीवन भर बना रहता है। इसलिए प्रत्येक शिक्षक को अपने शिक्षण कार्य को पूर्ण मनोयोग, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ करना चाहिए। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, प्राचार्य सुश्री प्रीति नेमा, विषय विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर एवं जिले के विज्ञान विषय के शिक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने, प्रयोगात्मक गतिविधियों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### प्रायोगिक कक्षाओं का हो नियमित संचालन

जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रयोगशाला स्वच्छ रखी जाए तथा बिना हैंड्स ऑन एवं टीएलएम आधारित शिक्षण कार्य के केवल सैद्धांतिक पढ़ाई न कराई जाए। विद्यार्थियों औद्योगिक भ्रमण एवं व्यावसायिक संस्थानों से जोड़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि प्रायोगिक कक्षाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा संभाग एवं जिला स्तर से होने वाली मॉनिटरिंग के दौरान विद्यालयों में व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलें। उन्होंने समस्त प्राचार्यों को निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर प्रायोगिक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए कहा है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रयोगशाला का अवलोकन किया गया। उक्त अवसर पर डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, प्राचार्य सुश्री प्रीति नेमा उपस्थित रहे।

### प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विज्ञान विषय के प्रायोगिक कार्यों को प्रभावी बनाने तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से सभी प्राचार्यों को आवश्यक दिशा- निर्देश जारी किये गए हैं । निर्देशों में कहा गया है कि विद्यालयों में विज्ञान एवं विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों जैसे इंस्पायर अवार्ड मानक योजना, चिल्ड्रन साइंस, नेशनल लेवल साइंस, ओलंपियाड, विज्ञान संगोष्ठी, इंडियन साइंस फेयर, विज्ञान मंथन, प्रहार नेट एवं नेशनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन आदि के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाए। सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों से नियमित रूप से प्रयोगात्मक कार्य कराए जाने, प्रयोगशाला में आवश्यक उपकरण एवं सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्रायोगिक कार्यों के लिए वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को प्रोजेक्ट वर्क आवंटित कर उसके अवलोकन एवं प्रस्तुतीकरण की व्यवस्था करने को कहा गया है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्र - छात्राएं हुए सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस नियमित्ता, अनुशासन एवं प्रोत्साहन के मूल मंत्र पर संचालित एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा प्रतिभा प्रोत्साहन की दिशा में जिले के विभिन्न विद्यालयों मे हायर सेकेण्डरी परीक्षा 12 वीं में प्रदेश, जिला तथा विद्यालय स्तरीय प्रावीण्य सूची मे उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। वाणिज्य संकाय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह का आयोजन रोटे. प्रसून धौरेलिया के मुख्य आतिथ्य, श्रीमती आशा नेमा की अध्यक्षता, प्रमेष कौरव व्याख्याता के आतिथ्य एवं डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज एवं एड. रचित तिवारी डायरेक्टर एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि रोटे. प्रसून धौरेलिया ने प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं से निरंतर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की बात पर बल दिया। प्राचार्य श्रीमती नेमा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्र - छात्राओं को प्रतिभा सम्मान से प्रोत्साहित होकर बेहतर भविष्य निर्माण की शुभकामनाएं प्रेषित की। एड. रचित तिवारी ने व्यवसायिक एवं रोजगारोन्मुखी षिक्षा पर बल देते हुए विद्यार्थियों से लगन एवं कड़ी मेहनत की अपील की। डॉ. गर्ग ने स्वागत उद्बोधन देते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों के संबंध में चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन मेजर डॉ. पराग नेमा एवं आभार सहायक प्राध्यापक श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया तथा छात्रा आर्या सोनी द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर शिक्षाविद प्राचार्य एम. के. राजौरिया, रत्नेष नेमा, श्रीमती ज्योति जोषी, मिथलेष विश्वकर्मा, अमन प्रजापति, श्रीमती पूनम नेमा, सहित अभिभावक तथा महाविद्यालय स्टाफ मेम्बर्स तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान भूमि दुबे, स्नेहा साहू, स्पर्श विश्वकर्मा, विवेक जाटव, मिहिर आचार्य, डॉली रजक, मयंक नेमा, अक्षिता अग्रवाल, राशि शुक्ला, हिमांशु रघुवंशी, शुभ पालीवाल, शीतल पटेल, हेमंत मलाह, इशमीत कौर, नमन टेकचंदानी, रितिक लोधी, समीक्षा पटेल, शौर्य भरद्वाज, अमन कुमार लोधी, विनीता कहार, अंकुश कुर्मी, नीतेश केवट एवं कृष्णा बसोर को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## जनभागीदारी की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक कलेक्टर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में चर्चा हेतु चयनित एजेण्डा अनुसार जनभागीदारी प्रभारी डॉ. गगन कुमार ताम्रकार सहा. प्रा. गणित द्वारा अध्यक्ष के समक्ष पी.पी. टी. के माध्यम से प्रस्तुत किया। उक्त बैठक का प्रमुख एजेण्डा महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन के पास नाले के निर्माण एवं बारिश के पानी से परिसर में जलभराव की रोकथाम हेतु उपयुक्त व्यवस्था बनाने को लेकर चर्चा की गयी। उक्त व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु अध्यक्ष ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी नरसिंहपुर से स्टीमेंट तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिये कि महाविद्यालय के खेल मैदान को सुरक्षित रखा जाये। आवश्यकतानुसार ही निर्माण कार्य किए जायें, पुराने जीर्ण-शीर्ण एवं जर्जर हो चुके भवनों को तोड़कर नवीन भवनों का यथास्थान निर्माण किया जाये। परिसर में पूर्व से निर्मित प्रसाधन कक्षों की साफ-सफाई एवं मरम्मत के कार्यों को स्थानीय निर्माण एजेंसी ठेकेदारों से करवाया जाये। नवीन पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था व्याख्यान हेतु आमंत्रण के आधार पर की जाए, ए.ई.डी.पी. पाठ्यक्रमों में अध्यापन व्यवस्था हेतु स्थानीय नर्सिंग कॉलेजों के शिक्षकों को आमंत्रित किया जाये। ऑडिटोरियम हॉल के किराये के संबंध में अध्यक्ष ने सदस्यों के समक्ष स्पष्ट रूप से निर्देश दिये गये कि ऑडिटोरियम हॉल को व्यवस्थित करने हेतु कार्य कराया जा रहा है जिसमें ए.सी. एवं एकास्टिक सांइड सिस्टम लगाया जा रहा है जिससे विद्युत खपत में वृद्धि की संभावना है अतरू ऑडीटोरियम का प्रति कार्यक्रम किराया 3000 से बढ़ाकर 7000 किया जाए।

## समान नागरिकता संहिता लागू करने के लिए विचार व सुझाव दें: कलेक्टर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। राज्य सरकार सभी वर्गों के साथ समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सभी समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित सभी संगठनों के पदाधिकारियों से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उच्च स्तरीय समिति समान नागरिक संहिता के सदस्य अनूप नायर कानूनविद की अध्यक्षता में जनपरामर्श की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश, पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित बार काउंसिल महिला एवं बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े गणमान्य सदस्य जिला शांति समिति के सदस्य, समाजिक संगठन और सभी समुदाय के पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और सभी संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित कर सुझाव लिए जा रहे हैं। साथ ही समान नागरिक संहिता के लिए अपील की गई है कि अपने विचार व सुझाव समिति की वेबसाइट के माध्यम से भी दे सकते हैं।

## नेताओं के वादों की कीचड़ में फंसा टीला गांव

### एक किलोमीटर पक्की सड़क को तरसे 1500 ग्रामीण

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत झांसीघाट से टीला गांव को जोड़ने वाली महज एक किलोमीटर की सड़क आजादी के दशकों बाद भी कच्ची है।



लगभग 1500 की आबादी वाला यह गांव विकास के दावों के बीच बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष कर रहा है।धूल से दलदल तक का सफरग्रामीणों का कहना है कि सूखे में यह रास्ता धूल और गड्ढों से पटा रहता है, वहीं बरसात में पूरी तरह दलदल में बदल जाता है। कीचड़ इतना हो जाता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बाइक-कार तो दूर, साइकिल निकालना भी जोखिम भरा है।बच्चों की पढ़ाई पर असरटीला गांव के बच्चे पढ़ाई के लिए खमरिया और गोटेगांव जाते हैं। बारिश में फिसलकर गिरना और चोट लगना आम बात है। कई अभिभावक बरसात में बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर देते हैं, जिससे शिक्षा प्रभावित होती है।स्वास्थ्य सेवाएं भी बाधितसड़क खराब होने के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती। गंभीर मरीजों को खाट पर लादकर एक किलोमीटर तक मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है। शादी-ब्याह और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं।'रोड नहीं तो वोट नहीं' की चेतावनीग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हर चुनाव में नेता पक्की सड़क का वादा करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बरसात से पहले सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो आगामी चुनाव में मतदान बहिष्कार कर 'रोड नहीं तो वोट नहीं' अभियान चलाया जाएगा।

## तेंदूखेड़ा के हनुमान मंदिर की चोरी का खुलासा*

**तेंदूखेड़ा।** विगत 7 अप्रैल को तेंदूखेड़ा के श्री राम रसिया दादा दरबार हनुमान मंदिर में हुई चोरी का दो माह बाद संकटमोचक की कृपा से ही आखिर कार खुलासा हो गया और चोर भी जेल चले गये। विगत दिवस जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीणा और एएसपी संदीप भूरिया ने जिला स्तर पर खुलासा करते हुए स्पष्ट किया है कि टेकसिंह उर्फ टिक्कू लडिया तथा ज्ञानी प्रजापति निवासी झामर के द्वारा ही श्री हनुमान मंदिर में चोरी कर दो छत्र और एक चांदी का मुकुट चुराया था। तथा गोटेगांव निवासी मुकेश सोनी उर्फ चिंटू को चोरी की सामग्री बेची गई थी। तथा तेंदूखेड़ा के नवनिर्मित श्री सुब्रत नाथ भगवान के दिगम्बर जैन मंदिर में भी ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया था लेकिन वहां पर सफल नहीं हो सके थे।

**पहले से ही कर रहे थे रैकी-** जिन दो चोरों ने तेंदूखेड़ा के हनुमान मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।वह आठ बजे रात्रि में ही हनुमान मंदिर में हो रही एक गौ रक्षक बैठक में शामिल थे और वहां बैठकर जायजा ले रहे थे। तथा मोटरसाइकिल से जहां तहां घूमकर भूमिका बना रहे थे। मंदिर के सामने लगी दुकानों और लोगों की आवा जाही के कारण यहां वहां घूमते रहे जैसे ही दुकानें बंद हुई और आवा जाही बंद हुई मौका पाकर ही उन्होंने मंदिर के चैनल गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसकर हनुमान जी का एक चांदी का मुकुट और दो छत्र निकालकर ले गये थे। इसके बाद जैन मंदिर में भी ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया लेकिन सफल नहीं हुए। चूंकि इनकी तस्वीरें सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी लेकिन चेहरा पहचान नहीं हो पा रहा था।



**पुलिस बनीं हुई थी चौकन्नी** चूंकि हनुमान मंदिर में चोरी की घटना के बाद से जिला पुलिस अधीक्षक ए एस पी से लेकर तेंदूखेड़ा पुलिस काफी सजग बनीं हुई थी। घटना के बाद से पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचे और भरोसा दिलाया था कि हर स्थिति में इस चोरी को जरुर पकड़ेंगे।डाग स्क्वायड फिंगरप्रिंट से लेकर सायबर सेल अन्य तकनीकी माध्यम से पतासाजी में जुटी रही। और सफलता हासिल भी हुई।इस सफलता में ठेमी और मुंगवानी पुलिस की सराहनीय भूमिका रही जिन्होंने अपने क्षेत्र की चोरी पकड़ने के साथ तेंदूखेड़ा श्री हनुमान मंदिर की चोरी भी उगलवा ली।

**श्री राम रसिया भक्त मंडल करेगा सम्मान-** श्री दादा दरबार हनुमान मंदिर की चोरी पकड़े जाने के पूर्व ही नगर में धार्मिक आध्यात्मिक सांस्कृतिक गतिविधियों में संलग्न रहने वाला श्री राम रसिया भक्त मंडल के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक से लेकर उन सभी कर्मवीरों का सम्मान करेगा जिन्होंने चोरी पकड़ने में महती भूमिका निभाई।

## गंदगी से पटा श्रीधाम रेलवे स्टेशन, बंद पड़ा रेल आहार केंद्र



**गोटेगांव।** जगद्गुरु शंकराचार्य की तपोस्थली और मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर के प्रवेश द्वार के रूप में प्रसिद्ध श्रीधाम रेलवे स्टेशन साफ-सफाई के अभाव में बदहाल हो गया है। स्टेशन पर फैली गंदगी और बंद पड़े रेल आहार केंद्र से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।नलों के आसपास गंदगी का अंबारप्लेटफार्म पर लगे पेयजल नलों के आसपास काई, गंदा पानी और कचरा फैला हुआ है। सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण स्टेशन परिसर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही, सुविधाएं नदारदश्रीधाम क्षेत्र धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के कारण यहां देशभर से श्रद्धालु आते हैं, लेकिन स्टेशन की बदहाली यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।रेल आहार केंद्र बना शोपीसयात्रियों की सुविधा के लिए स्थापित रेल आहार केंद्र लंबे समय से बंद पड़ा है। इससे यात्रियों को खान-पान की सुविधा नहीं मिल पा रही है।सुधार की मांगस्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से नियमित सफाई व्यवस्था तथा रेल आहार केंद्र को तत्काल शुरू कराने की मांग की है।

## दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही पुलिया, संबंधित विभाग नहीं दे रहा ध्यान

### बरसात के दिनों में हो सकता है बढ़ा हादसा

**डोभी।** इन दिनों बरमान डोभी मुख्य सड़क मार्ग पर डोभी के समीप स्थित छोटी पुलिया के बीचों बीच बना बड़ा गड्ढा लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।कभी भी यहां पर बढ़ा हादसा होने की संभावना बनीं हुई है। वहीं आने वाली बरसात के दिनों में अनजान व्यक्ति इस गड्ढे में गिरने से गंभीर रूप से घायल भी हो सकता है।पुलिया सुधार की दिशा में प्रशासन के अधिकारियों को समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी भी दी गई है और लोनिवि के अधिकारियों द्वारा इस पुलिया की जानकारी भी है लेकिन आंखों में पट्टी बांध कर मौन बनें हुए हैं।शायद किसी बड़ी गंभीर दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं।ग्राम के सजग वर्ग का कहना है कि इस समस्या को लगभग दो माह होने जा रहे हैं लेकिन अभी तक संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है यह मार्ग क्षेत्र का अत्यंत व्यस्तम सड़क मार्ग है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों दोपहिया चारपहिया एवं भारी वाहन गुजरते हैं। पुलिया के बीच बने गड्ढे के कारण वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से रात के समय और बारिश के दौरान दुर्घटना की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया के समीप नियमित रूप से हाट-बाजार भी लगता है। जिसके चलते आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया की मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई भी वाहन इस गड्ढे में फंसकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है।

ग्राम के प्रतिष्ठित एवं पूर्व सरपंच नेतराज सिंह पटैल का कहना है कि पुलिया की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है।



फोटो ग्राम के प्रतिष्ठित राजेन्द्र जैन ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है और पुलिया में बना होल लोगों की जान के लिए खतरा बन गया है। यदि समय रहते तत्काल प्रभाव से सुधार नहीं किया गया तो गंभीर समस्या उत्पन्न हो जायेगी।

### ग्राम के प्रतिष्ठित व्यवसाई



अरविंद जैन का कहना है कि जब समाचार पत्रों के माध्यम और लोगों द्वारा समस्या की जानकारी दी जा चुकी है तो फिर सुधार की दिशा में हीलाहवाली किया जाना उचित नहीं है। बरसात के दिनों में पानी भरने और अनजान व्यक्ति गिर कर चोटिल हो सकते हैं। जनहित में तत्काल पुलिया की मरम्मत जरुरी है।

## भाग्य का भरोसा छोड़ कर्म पर ज्यादा विश्वास होना चाहिए





**तेंदूखेड़ा।** कर्म कृपा करुणा कृष्ण इन सभी का अपना अलग अलग महत्व है। लेकिन इन सब में कर्म सबसे ऊपर है। उसके नीचे भाग्य है। और ये दोनों के बाद करुणा आ जाती है तो कृष्ण स्वयं मिल जाते हैं। जहां गुरु की कृपा होती है वहां स्वयं भगवान शिव की भी कृपा हो जाती है। गुरु को जीवन छल कपट नहीं करना चाहिए।लोभी गुरु अगले जन्म में अजगर और लालची शिष्य चीटी बनता है। द्रोणाचार्य जी ने शिष्यों में भेद डाला और अंत में उसी अर्जुन के हाथों मरना पड़ा। गुरु की महत्ता उनकी पूजन का महत्व बड़े ही सुन्दर भाव से समझाया।देवरी राजमार्ग में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के माध्यम से कथा व्यास पं विपिन विहारी जी महाराज के द्वारा बड़े ही सुन्दर भाव से कथा का मूल भाव समझाया जा रहा है जिसे श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं।कथा व्यास ने प्यार और प्रेम में अंतर स्पष्ट करते हुए बताया कि प्यार में कटार चलती है और खून बहता है।प्रेम में तुलसी की माला और भक्ति की धारा बनती है। व्यक्ति को संत और सती का अपमान नहीं करना चाहिए और यथार्थ की जिंदगी में ही जीना चाहिए।चंद्रहास जी के जीवन दर्शन से जुड़े कुछ वृतांत सुनाये तथा परम्पराओं के बारे में जानकारी रखने ज्ञान होना आवश्यक है। तथा अपने बच्चों को इसके बारे में जानकारी भी होनी चाहिए। कन्या दान का महत्व, नवरात्रि में जबारे रखने नवरात्रि ही नाम क्यों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा वर्तमान समय में मोबाइल संस्कृति से भटकती युवा पीढ़ी और उसके लाभ हानियों को विस्तार से बताया।